आईआईएम में कार्यशाला 19 से 23 जनवरी तक होगा

रांची। आईआईएम रांची के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर ऑफ लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस की ओर से 'लीडरशिप, पॉलिसी और गवर्नेंस' विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 19 से 23 जनवरी तक किया जा रहा है। यह कार्यशाला ऑनलाइन होगी।

इसमें कई विषयों को शामिल किया गया है। इनमें उद्यमिता के प्रारंभिक चरण के दौरान टीम का निर्माण, शासन में निर्णय लेने की प्रक्रिया व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय शामिल हैं। जानकारी **https://iimranchi.ac.in/P/winterschool-1** वेबसाइट से ली जा सकती है। (प्रसं)

Hindustan,
03.01.2021